हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

रविवार 01 फ़रवरी 2026 बर्ष 02 अंक 128 पृष्ठ 4

www.keshavtv24.com

www.keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

जीवन में शांति चाहते हैं तो दुसरों की शिकायतें करने से बेहतर है खुद को बदल लें।

## नालंदा लाइव क्लासेज के तहत टॉप 100 छात्रों के लिए विशेष कक्षा का शुभारंभ, डीएम कुंदन कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया उद्घाटन



संवाददाता केशववाणी । बिहारशरीफ (नालंदा)। बिहार बोर्ड परीक्षा 2026 की तैयारी को लेकर जिले में शैक्षणिक गतिविधियों को और प्रभावी बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा सराहनीय पहल की गई है। इसी कड़ी में जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने नालंदा कॉलेजिएट स्कूल में 'नालंदा लाइव क्लासेज' के अंतर्गत मैट्रिक बोर्ड परीक्षा 2026 की तैयारी के लिए चिन्हित टॉप–100 छात्रों हेतु आयोजित विशेष कक्षा का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया।

जिला प्रशासन की पहल पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्रों को बेहतर परिणाम दिलाने के उद्देश्य से 'नालंदा लाइव क्लासेज' के तहत क्रैश कोर्स एवं मॉक टेस्ट 2026 का आयोजन जिले के सभी 283 माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में किया गया है।

जानकारी के अनुसार, नालंदा स्मार्ट लाइव क्लासेज के तहत यूट्यूब लिंक के माध्यम से 24 नवंबर 2025 से 10 जनवरी 2026 तक क्रैश कोर्स संचालित किया गया। इसमें कक्षा 10वीं के छात्रों के लिए 162 कक्षाएं तथा कक्षा 12वीं के विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय के लिए 212 कक्षाएं सफलतापूर्वक चलाई गईं। इन कक्षाओं का संचालन प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, स्मार्ट नोडल शिक्षक एवं विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा किया गया।

सभी विद्यालयों में आयोजित सेंटअप परीक्षा के आधार पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं के प्रत्येक संकाय से टॉप–20 छात्रों का चयन कर 'नालंदा मॉक टेस्ट–2026' में शामिल कराया गया। इस मॉक टेस्ट में जिले भर से लगभग 11,320 छात्र–छात्राएं सम्मिलित हुए। इनमें से सभी 20 प्रखंडों से टॉप–10 छात्रों का चयन कर कुल 200 मेधावी विद्यार्थियों को विशेष मार्गदर्शन के लिए चुना गया।

इन चयनित छात्रों को बोर्ड परीक्षा के अंतिम दिनों में अपनाई जाने वाली रणनीति, समय प्रबंधन, प्रश्नों के चयन और परीक्षा के दौरान क्या करें एवं क्या न करें, जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'नालंदा लाइव क्लासेज' मेध. ावी छात्रों के लिए एक सशक्त मंच है, जहां उन्हें अनुभवी शिक्षकों का गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने छात्रों से अनुशासन, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास के साथ अध्ययन करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास की आधारशिला है और लक्ष्य निर्धारित कर नियमित अध्ययन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिले के छात्र–छात्राएं बिहार बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नालंदा का नाम राज्य स्तर पर रोशन करेंगे।

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा), विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## विधि–व्यवस्था सुदृढ़ रखने को लेकर प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षकों को दिए गए निर्देश

संवाददाता केशववाणी । बिहारशरीफ (नालंदा)। पुलिस अधीक्षक, नालंदा द्वारा जिले के प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षकों के साथ बैठक कर उन्हें अपने–अपने कार्यक्षेत्र में विधि–व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने संबंधी विस्तृत दिशा–निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को नियमित गश्ती सुनिश्चित करने, अपराध पर प्रभावी नियंत्रण रखने तथा किसी भी घटना पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने आम जनता के साथ संवेदनशील, शालीन एवं मर्यादित व्यवहार बनाए रखने पर विशेष जोर दिया, ताकि पुलिस और नागरिकों के बीच विश्वास कायम रह सके।

साथ ही महिला सुरक्षा एवं कमजोर वर्गों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए सतर्कता बरतने तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

इस अवसर पर प्रशिक्षु अवर निरीक्षकों को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया, ताकि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन बेहतर ढंग से कर सकें और जिले में शांति एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभा सकें।

## राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल कार्यालय में आशुलिपिक विजय कुमार प्रसाद का सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित



अमर वर्मा, संवाददाता नूरसराय, केशववाणी । बिहारशरीफ (नालंदा)। जिला मुख्यालय बिहारशरीफ स्थित राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल कार्यालय–02 में आशुलिपिक विजय कुमार प्रसाद के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मियों ने उनके दीर्घ सेवाकाल और कार्यशैली की सराहना करते हुए भावभ. ीनी विदाई दी।समारोह को संबोधित करते हुए कार्यपालक अभियंता (डिवीजन–02) रंजीत कुमार ने कहा कि उन्हें विजय कुमार प्रसाद के साथ कम समय तक कार्य करने का अवसर मिला, लेकिन इस दौरान उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी सजगता और जिम्मेदारी के साथ किया। यही कारण है कि वे सभी सहकर्मियों के प्रिय बने रहे।वहीं सेवानिवृत्त आशुलिपिक विजय कुमार प्रसाद, जो सिलाव प्रखंड के माधोपुर गांव के निवासी हैं, ने कहा कि नौकरी में प्रवेश के साथ ही सेवा निवृत्ति की तिथि तय हो जाती है। उन्होंने अपने 35 वर्षों के सेवाकाल को याद करते हुए बताया कि उन्होंने समाहरणालय से लेकर राष्ट्रीय उच्च पथ 01 एवं 02 सहित कई स्थानों पर कार्य किया और हर जगह उन्हें सहयोग व सम्मान मिला।इस अवसर पर उनकी पत्नी मानो देवी, जो सिलाव की पूर्व जिला पार्षद एवं अधिवक्ता हैं, ने बताया कि विजय कुमार प्रसाद पिछले 10 वर्षों से राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, बिहारशरीफ में कार्यरत थे। इससे पूर्व वे जिला एडिशनल कलेक्टर कार्यालय में भी 10 वर्षों तक सेवा दे चुके हैं।कार्यक्रम में राष्ट्रीय उच्च पथ 01 के कार्यपालक अभियंता जमील अहमद, सहायक अभियंता निशांत कुमार, कनीय अभियंता शंकर कुमार, संजीव कुमार, खुर्शीद आलम, सत्येंद्र कुमार, प्रमंडलीय लेखा पदाधिकारी दिनेश कुमार, विकास कुमार सहित कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

समारोह के अंत में उन्हें अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति–चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके सुखद एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई।






## थरथरी थानाध्यक्ष पर महिला से मारपीट का आरोप, वीडियो वायरल होने के बाद जांच शुरू



संवाददाता केशववाणी । थरथरी, नालंदा। जिले के थरथरी थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात पुलिस कार्रवाई के दौरान एक महिला के साथ कथित मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि थरथरी थानाध्यक्ष ने घर में घुसकर एक महिला के साथ अभद्र व्यवहार किया, बाल पकड़कर खींचा और थप्पड़ मारे। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे इलाके में आक्रोश फैल गया है।

घटना दिरीपुर गांव की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस वर्ष 2014 से जुड़े एक मामले में राम बच्चन प्रसाद नामक आरोपी को गिरफ्तार करने उसके घर पहुंची थी। कोर्ट से जारी इश्तेहार के आधार पर यह कार्रवाई की जा रही थी।

बताया जाता है कि जब घर की महिलाओं ने पुलिस से आने का कारण पूछा तो विवाद की स्थिति बन गई। आरोप है कि इसी दौरान थानाध्यक्ष संजय कुमार ने एक महिला के साथ मारपीट की। पीड़ित महिला की पहचान विजय सरस्वती के रूप में हुई है, जो पेशे से आंगनबाड़ी सेविका हैं।

वायरल वीडियो में महिला पुलिसकर्मी की मौजूदगी के बावजूद थानाध्यक्ष को महिला के साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार करते देखा जा सकता है। महिला पुलिसकर्मी द्वारा रोकने का प्रयास भी किया गया।

इधर पुलिस ने आरोपी राम बच्चन प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन मारपीट की घटना के बाद ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

हालांकि, थानाध्यक्ष संजय कुमार ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि कोर्ट के आदेश पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के दौरान घर की महिलाएं रास्ता रोक रही थीं, जिन्हें केवल हटाया गया। मारपीट का आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है।

वहीं, हिलसा डीएसपी–2 ऋषि राज ने बताया कि वायरल वीडियो उनके संज्ञान में आया है। मामले की जांच कराई जा रही है और जांच के बाद ही सच्चाई सामने आएगी।

# अशोक कुमार हत्याकांड से आक्रोशित डॉक्टर, संघ ने सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन का किया ऐलान




संबाददाता केशववाणी । बिहारशरीफ। नवादा जिले के ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनर (आरएमपी) डॉक्टर अशोक कुमार की एक सप्ताह पूर्व अपराधियों द्वारा निर्मम हत्या किए जाने के बावजूद अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से चिकित्सकों में भारी आक्रोश है। इसी के विरोध में संघ कार्यालय, बिहारशरीफ में ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनरों द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान संघ ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ धरना–प्रदर्शन करने का निर्णय लिया।

संघ के महासचिव सह राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के सक्रिय सदस्य डॉ. विपिन कुमार सिन्हा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि घटना को एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होना प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति केवल कागजी साबित हो रही है। यदि जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो ग्रामीण मेडिकल प्रैक्टिशनर धरना–प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे और ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक उपचार व इंजेक्शन सेवा भी बंद कर देंगे।वहीं चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अनिल कुमार अकेला ने कहा कि जब सस्ती चिकित्सा सेवा देने वाले आरएमपी डॉक्टर ही सुरक्षित नहीं हैं, तो सरकार का 'मंगल राज' का दावा महज दिखावा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि धरना–प्रदर्शन में चेंबर के सभी सदस्य शामिल होकर प्रशासन व सरकार का विरोध करेंगे।

शोक सभा में संघ के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार, सचिव डॉ. संजय कुमार, डॉ. देवेंद्र कुमार, डॉ. भोला प्रसाद, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. श्याम किशोर प्रसाद, डॉ. किशोरी प्रसाद, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. कुंदन कुमार, डॉ. शशि भूषण प्रसाद, डॉ. निसार अहमद सहित सैकड़ों आरएमपी डॉक्टर मौजूद रहे।सभा के अंत में दिवंगत डॉक्टर अशोक कुमार की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



# 19 वर्षों की सेवा के बाद पीटी शिक्षक अशोक कुमार सेवानिवृत्त, विद्यालय परिवार ने दी भावुक विदाई

प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट केशववाणी । कतरीसराय (नालंदा)। प्रखंड अंतर्गत टेक नारायण +2 स्कूल, बादी में शुक्रवार को 19 वर्षों तक सेवा देने वाले पीटी शिक्षक अशोक कुमार के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिवार द्वारा भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। वे 31 जनवरी 2026 को अपने सेवाकाल से औपचारिक रूप से सेवानिवृत्त हुए।

इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार चौधरी ने कहा कि अशोक कुमार एक कर्मठ, अनुशासित और कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक रहे हैं। उन्होंने अपने पूरे सेवाकाल में विद्यालय और विद्यार्थियों के प्रति पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उन्होंने भावुक स्वर में कहा, "कैसे 19 वर्ष गुजर गए, इसका एहसास ही नहीं हुआ। अशोक कुमार का योगदान विद्यालय परिवार हमेशा याद रखेगा।"

समारोह में उपस्थित शिक्षकों ने उनके सरल स्वभाव, समय पालन और विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में दिए गए योगदान की सराहना की। विदाई के दौरान कई शिक्षक भावुक नजर आए।

विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें छाता, छड़ी, अंगवस्त्र, तुलसी की माला तथा पवित्र ग्रंथ गीता भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई और उनके स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानजनक सेवानिवृत्त जीवन की कामना की गई।

इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाओं में आलोक निरंजन (गणित), अभिषेक रमण, रेणु कुमारी, अमित कुमार, गीता कुमारी, संजय कुमार, भूपेंद्र कुमार (पुस्तकालयाध्यक्ष), कुमारी शिखा सहित दर्जनों शिक्षक–शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# राजगीर कन्वेंशन हॉल में महा डाक चौपाल का भव्य आयोजन, चीफ पोस्टमास्टर जनरल एम. यू. अब्दाली रहे मुख्य अतिथि, नालंदा डाक मंडल पूरे बिहार में अव्वल



रानी सिन्हा की रिपोर्ट। केशववाणी राजगीर (नालंदा)। भारतीय डाक विभाग की ओर से शनिवार को राजगीर कन्वेंशन हॉल में महा डाक चौपाल का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बिहार सर्किल के चीफ पोस्टमास्टर जनरल श्री एम. यू. अब्दाली मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य डाक विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं को सीधे आम जनता तक पहुंचाना तथा डाक सेवाओं को अधिक सशक्त और प्रभावी बनाना रहा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री अब्दाली ने कहा कि डाक विभाग आज केवल पत्र वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि वित्तीय समावेशन और डिजिटल सेवाओं के माध्यम से देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच बना रहा है। उन्होंने बताया कि महा डाक चौपाल के जरिए लोगों को डाक जीवन बीमा (च्स्प्), इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (प्च्च्ठ), आधार सेवाएं, सुकन्या समृद्धि योजना एवं विभिन्न बचत योजनाओं से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। भारतीय डाक विभाग आज विश्वास, सुरक्षा और पारदर्शिता का प्रतीक बन चुका है।डाक अधीक्षक श्री कुंदन कुमार ने कहा कि महा डाक चौपाल जनता और डाक विभाग के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी मंच है। यहां एक ही स्थान पर योजनाओं की जानकारी, खाता खोलने, बीमा, बैंकिंग और आधार सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है।इस अवसर पर पावापुरी स्थित आशापुरी मंदिर के नाम पर एक विशेष आवरण (स्पेशल कवर) जारी किया गया। इसका कैंसिलेशन चीफ पा. `स्टमास्टर जनरल द्वारा किया गया। यह स्पेशल कवर फिलैटली प्रेमियों एवं डाक संग्रहकर्ताओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।अभियान के दौरान उल्लेखनीय उपलब्धियां भी दर्ज की गईं। डाक बचत बैंक के तहत एक लाख से अधिक नए खाते खोले गए। वहीं 44 विभिन्न स्थानों पर डाक चौपाल एवं आधार कैंप लगाए गए, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को आधार संबंधित सेवाओं का लाभ मिला।डाक जीवन बीमा के अंतर्गत 1 करोड़ 27 लाख का प्रीमियम संग्रह किया गया तथा 695 नई बीमा पॉलिसियां जारी की गईं। इसके साथ ही सुकन्या समृद्धि योजना के 450 नए खाते खोले गए।

नालंदा डाक मंडल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खाता खोलने के क्षेत्र में पूरे बिहार में प्रथम स्थान हासिल किया तथा निर्धारित लक्ष्य को शत–प्रतिशत पूरा किया। इस उपलब्धि पर डाक अधीक्षक श्री कुंदन कुमार को मुख्य डाक महाध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया।दक्षिणी एवं उत्तरी अनुमंडल के डाक निरीक्षक रामाशीष कुमार और विकास राय को भी लक्ष्य प्राप्ति के लिए सम्मानित किया गया। राज्य स्तर पर इस्लामपुर प्रथम, हरनौत द्वितीय और अस्थावां तृतीय स्थान पर रहे। सब–डिवीजन स्तर पर साउथ सब–डिवीजन प्रथम तथा नॉर्थ सब–डिवीजन द्वितीय स्थान पर रहा। वहीं मुरगवां और बड़गांव शाखा डाकपालों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम स्थल पर च्स्प्, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक एवं आधार सेवाओं से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई, जहां लोगों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई और मौके पर ही सेवाओं का लाभ लेने का अवसर मिला।महा डाक चौपाल के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले लगभग 150 से अधिक डाक कर्मियों को सम्मानित किया गया, जिससे कर्मचारियों में उत्साह और नई ऊर्जा का संचार हुआ।

कार्यक्रम में डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद रहे। बिहार सर्किल के सहायक निदेशक श्री शम्भू कुमार, श्री राजीव कुमार और श्री राजेश कुमार ने भी कर्मचारियों को बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रेरित किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# सरदार बिगहा प्लस टू विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी आयोजित, बच्चों के समग्र विकास पर दिया गया जोर



रानी सिन्हा की रिपोर्ट। केशववाणी नूरसराय (नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र की अंधना पंचायत स्थित सरदार बिगहा प्लस टू विद्यालय में शनिवार को अभिभावक–शिक्षक गोष्ठी का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य रंजू सिंह के नेतृत्व में किया गया। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य बच्चों के शैक्षणिक, सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक विकास को लेकर अभिभावकों और शिक्षकों के बीच संवाद स्थापित करना रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य रंजू सिंह ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को मोबाइल और सोशल मीडिया से दूर रखते हुए पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कराएं। साथ ही बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने और पौष्टिक भोजन देकर भेजने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का आधार है, इसलिए अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई पर निरंतर नजर रखनी चाहिए और उनके साथ संवाद बनाए रखना चाहिए।

गोष्ठी में शिक्षकों ने भी अभिभावकों से सहयोग की अपील करते हुए बच्चों की उपस्थिति, अनुशासन और पढ़ाई के महत्व पर विस्तार से चर्चा की।

इस अवसर पर शिक्षक जीशान अली, विवेक कुमार, मीनाक्षी कुमारी, पूजा सिन्हा, मो. सदाम अली, धनंजय कुमार, ऋषभ कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# संभावित बाढ़ 2026 को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक, तटबंधों की मजबूती और पूर्व तैयारी के दिए निर्देश




रानी सिन्हा संबाददाता केशववाणी |
बिहारशरीफ (नालंदा)। संभावित बाढ़ 2026 के मद्देनजर जिले में पूर्व तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, सभी अंचल अधिकारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बाढ़ से निपटने के लिए समय रहते समुचित तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिहारशरीफ, एकंगरसराय और बख्तियारपुर प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले जमींदारी बांध एवं तटबंधों के सुदृढ़ीकरण हेतु आवश्यक योजनाएं तैयार की जाएं।डीएम ने तटबंधों पर हुए कटाव, रैट होल, पाइपिंग और अन्य क्षतिग्रस्त हिस्सों की समय पर मरम्मत एवं सतत निगरानी करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को तटबंधों का संयुक्त निरीक्षण कर संवेदनशील स्थलों की पहचान करने को कहा गया। जिन स्थानों पर विगत वर्षों में बार–बार कटाव हुआ है, वहां विशेष रूप से मजबूतीकरण एवं कटाव निरोधक कार्य कराने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने नदियों में जलकुंभी की सफाई कराने, ड्रोन के माध्यम से संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील तटबंधों का निरीक्षण करने तथा राहत–बचाव कार्यों की अग्रिम तैयारी सुनिश्चित करने को कहा। कटाव निरोधक (एंटी इरोजन) कार्य समय पर पूरा करने पर भी बल दिया गया।

बाढ़ पूर्व तैयारियों के तहत उदेरास्थान पर अभियंताओं एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने तथा बाढ़ के समय मैथमेटिकल वेदर फोरकास्टिंग तकनीक का उपयोग करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि स्थिति का सटीक आकलन कर समय पर कार्रवाई की जा सके।

बैठक में नगर आयुक्त, नगर निगम बिहारशरीफ, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) सहित संबंधित विभागों के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



# शब-ए-बारात से पहले नगर निगम सख्त, बिहारशरीफ में तीन पालियों में सफाई, 7 वेलकम गेट लगेंगे

प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट, संबाददाता केशववाणी । बिहारशरीफ (नालंदा)। बिहारशरीफ नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की बैठक शनिवार, 31 जनवरी 2026 को अपराह्न 3 बजे नगर निगम कार्यालय में महापौर श्रीमती अनीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उप महापौर श्रीमती आईशा शाहीन, नगर आयुक्त कुमार निशांत विवेक, उप नगर आयुक्त शम्स रजा, नगर प्रबंधक साकेश कुमार सिन्हा एवं त्रिपुरारी शरण संजय, सहायक लोक अपशिष्ट स्वच्छता पदाधिकारी कुंदन कुमार एवं विनय कुमार सहित समिति के सभी सदस्य एवं संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

बैठक में शहर की स्वच्छता व्यवस्था एवं अन्य विकास कार्यों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

शब–ए–बारात पर्व को ध्यान में रखते हुए पूरे शहर में विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। कब्रिस्तानों के आसपास विशेष रूप से व्यापक सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश सफाई शाखा के पदाधिकारियों को दिया गया।



नगर निगम क्षेत्र में नियमित सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रमुख स्थलों पर तीन पालियों में सफाई कराने का फैसला किया गया, ताकि स्वच्छता व्यवस्था निरंतर बनी रहे।

बैठक में नगर निगम कार्यालय में कार्यरत पुनर्नियोजित कर्मियोंकृस्वास्थ्य निरीक्षक परमानंद प्रसाद, विद्युत पर्यवेक्षक परमानंद प्रसाद तथा वार्ड संख्या 23 के वार्ड जमादार सुरेश सावकृकी सेवा अवधि का विस्तार करने की भी स्वीकृति प्रदान की गई।

इसके अलावा नगर निगम की सफाई मशीनरी को निजी उपयोग के लिए किराये पर उपलब्ध कराने हेतु दर निर्धारण किया गया। आम नागरिक अपनी आवश्यकता के अनुसार डी–वॉटरिंग मशीन, जेसीबी, सुपर सकर मशीन, ट्रैक्टर, टीपर आदि मशीनों का उपयोग भाड़े पर कर सकेंगे।

साथ ही शहर की सुंदरता बढ़ाने के उद्देश्य से बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र के सात प्रमुख प्रवेश स्थलों पर वेलकम गेट स्थापित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।



# नगरनौसा व्यवसायिक संघ की बैठक में बाजार की समस्याओं पर मंथन, नल-जल, शौचालय, कूड़ा प्रबंधन व सुरक्षा व्यवस्था सुधारने पर हुई चर्चा

केशववाणी । नगरनौसा (नालंदा)। नगरनौसा व्यवसायिक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार यादव के आवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के उपाध्यक्ष राकेश कुमार ने की।

बैठक की शुरुआत स्वर्गीय काजल कुमारी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए एक मिनट का मौन रखकर की गई। सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

बैठक के दौरान बाजार क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से पेठियापर गली में नल–जल योजना, शौचालय की व्यवस्था, कूड़ा–कचरा प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर विचार–विमर्श किया गया। व्यवसायियों ने बाजार में स्वच्छता एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने पर जोर दिया।

संघ के पदाधिकारियों ने संबंधित विभागों से जल्द समाधान कराने की दिशा में पहल करने का निर्णय लिया, ताकि व्यापारियों एवं ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

बैठक में संघ के सचिव भोला यादव, पप्पू कुमार, उमेश कुमार, अनिल कुमार, विजय मिस्त्री, शेखर, लक्ष्मण टेलर, विकास कुमार, नीरज वर्मा, श्रवण साव, महेश चौधरी, प्रमोद कुमार, बिट्टू कुमार, सूरज कुमार सहित संघ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# 16 वर्षों की सेवा के बाद न्यायमित्र रविन्द्र कुमार को भावभीनी विदाई, बीडीओ व सीओ ने अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

रानी सिन्हा की रिपोर्ट। केशववाणी नूरसराय (नालंदा)। नूरसराय प्रखंड अंतर्गत अंधना पंचायत के न्यायमित्र रविन्द्र कुमार को 16 वर्षों के सफल कार्यकाल के बाद शनिवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) डॉ. जियाउल हक, अंचल अधिकारी (सीओ) दीपक कुमार सहित प्रखंड कर्मियों ने उन्हें सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान बीडीओ डॉ. जियाउल हक ने रविन्द्र कुमार को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित करते हुए कहा कि उनका 16 वर्षों का कार्यकाल अत्यंत सराहनीय रहा है। उन्होंने पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

वहीं, सीओ दीपक कुमार ने कहा कि किसी भी कर्मी की विदाई क्षण भावुक करने वाला होता है। रविन्द्र कुमार ने




प्रखंड में लंबे समय तक उत्कृष्ट सेवा दी और अपने व्यवहार व कार्यशैली से सभी के प्रिय बने रहे। उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा।

इस अवसर पर एलएलईओ पिंकी कुमारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी नवीन कुमार, आरओ देवकुमार शर्मा, न्यायमित्र चंद्रशेखर कुमार, महेंद्र लाल, जयप्रकाश कुमार, नंदकिशोर कुमार, उषा कुमारी, विभा कुमारी, पिंकी कुमारी, प्रीति कुमार सहित कई प्रखंड कर्मी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई देते हुए उनके स्वस्थ एवं सफल भविष्य की कामना की।

# बीईओ कुमारी पुष्पा के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित, शिक्षकों व अधिकारियों ने अंगवस्त्र व उपहार देकर दी भावभीनी विदाई

संबाददाता केशववाणी | नगरनौसा (नालंदा)। नगरना.ैसा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) कुमारी पुष्पा के सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को बीआरसी कार्यालय परिसर में सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मियों ने उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके कार्यकाल की सराहना की।समारोह के दौरान शिक्षकों ने बुके भेंट कर उनका स्वागत किया तथा अंगवस्त्र एवं स्मृति–चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक धनंजय कुमार ने की, जबकि संचालन शिक्षक सुनील कुमार ने किया।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) ओमप्रकाश कुमार ने कहा कि आज शिक्षा विभाग ने एक कुशल एवं समर्पित अधिकारी को विदाई दी है। उन्होंने अपने सेवाकाल में कार्यक्षमता और जिम्मेदारी का बेहतर परिचय दिया।अंचल अधिकारी (सीओ) सत्येंद्र कुमार ने कहा कि कुमारी पुष्पा ने शिक्षकों और कर्मियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर कुशलता से कार्य किया।
उनके कार्यकुशलता और नम्र व्यवहार से सभी
प्रभावित रहे।उनके कार्यकुशलता और नम्र व्यवहार से सभी प्रभावित रहे।वक्ताओं ने कहा कि बीईओ के रूप में उनका कार्यकाल काफी सराहनीय रहा।



वे हर कार्य में सहयोग और मार्गदर्शन देती रहीं तथा शिक्षकों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती थीं। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उपस्थित लोगों ने उनके स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना की।वहीं, सेवानिवृत्त बीईओ कुमारी पुष्पा ने भावुक होकर कहा कि नगरनौसा में उनका सेवाकाल समाप्त हो गया है और यह अंतिम दिन हमेशा स्मरणीय रहेगा। उन्होंने सभी अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मियों का सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।

मौके पर पीपीएसएस के प्रखंड अध्यक्ष धनंजय कुमार, चंद्रावंती कुमारी, लेखपाल आशीष कुमार, गौरव कुमार, शिक्षक देवांशु कुमार, नंदकिशोर, मोहम्मद दिलशाद आलम, मुन्ना कुमार, अरविंद कुमार, विनोदानंद कुमार, विवेकचंद्रा, तरुण कुमार, सुनील कुमार, शशिभूषण प्रसाद, मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, रविन्द्र कुमार, अरविंद कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।



हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

बिहार का नंबर 1 अखबार

**अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें**

## 7033325120

**केशववाणी में विज्ञापन देकर**

**अपने व्यवसाय को दे नई पहचान और नई दिशा**